मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 138 ■ बुधवार, 14 अगस्त 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566


epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

पॉलिटिक्स से फिल्मी करियर में आ रही हैं दिक्कतें : कंगना

## अंबरनाथ में 2.50 करोड़ रुपयों का ऑनलाइन फ्रॉड




■ जीवन के 22 वर्ष की कमाई पर ऑनलाइन डाका

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम निवासी एक 48 वर्षीय व्यक्ति के साथ ढाई करोड़ रुपयों का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है. जिसकी शिकायत अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में की गई है. मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कलसकर खुद कर रहे हैं. अंबरनाथ में अब तक की ये सबसे बड़ी ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है.

वुलन चाल, संगम अपार्टमेंट निवासी नजीर चांद साब खान (48) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 23 मार्च से 4 जुलाई के बीच की घटना है. उन्हें स्टेट स्ट्रीट वीआईपी 106 इस कंपनी के असिस्टेंट केरी गोरमली, मारवाड़ी सिक्युरिटी फाइनेंशियल लि. कंपनी के शिवांगी अग्रवाल और शेर खान मैक्स zb.com कंपनी के एडमिन बॉर्ट टॉमर ने मोबाइल एवं मोबाइल एप और साइट से शेयर मार्केट में इंस्टीट्यूशनल ट्रेडिंग किया, तो ज्यादा पैसा मिलेगा, ऐसा लालच दिखाकर उनको आरोपियों द्वारा दिए गए बैंक एकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने के बाद उनके साथ ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक माध्यम से चार महिने के भीतर 2 करोड़ 51 लाख 36 हजार 500 रुपयों की धोखाधड़ी की गई.

नजीर खान ने 22 साल दुबई में नौकरी करके ये राशि कमाई थी. पुलिस से ये भी जानकारी मिली है कि नजीर के साथ 7-8 लोगों के साथ 2.5 करोड़ का फ्रॉड हुआ है. पुलिस ने आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के अनुसार अपराध दर्ज किया है. पुलिस द्वारा बार-बार लोगों को ये चेतावनी दी जाती है कि ऑनलाइन द्वारा दिए गए पैसे के लालच में ना पड़ें, फिर भी लोग ऑनलाइन फ्रॉड में फंसकर करोड़ों रुपए गंवा रहे हैं.

## क्राइम डायरी...

### वाशी बस में चढ़ते समय तीन लोगों ने एक यात्री को लूटा

**कल्याण.** वाशी बस में चढ़ते समय तीन लोगों ने एक यात्री से झगड़ा कर उससे 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल छीन लिया।

पुलिस ने बताया कि हेतराज प्रजापति (22) कल्याण में नौकरी करते हैं और नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में रहते हैं। सोमवार रात करीब 9 बजे शिकायतकर्ता हेतराज और उसके दो साथी वाशी बस स्टॉप पर नवी मुंबई परिवहन निगम वाशी बस में चढ़ रहे थे। बस में चढ़ते समय तीनों लोगों ने हेतराज से यह कहते हुए झगड़ा शुरू कर दिया कि उन्होंने बस में चढ़ते समय उसे धक्का क्यों दिया। उन तीनों ने हेतराज को पीटना शुरू कर दिया. तीनों चोरी और यात्रियों को लूटने के इरादे से बस में चढ़े थे। हेतराज से बहस करने के बाद एक बदमाश ने हेतराज के हाथ से मोबाइल छीन लिया. जब हेतराज वापस लौटने की मांग करने लगा तो तीनों बस से उतरकर भाग गए। हेतराज ने इस मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. कांस्टेबल पी. एल सालुंखे जांच कर रहे हैं.

# उल्हासनगर के डांस बारों का मुख्यमंत्री को चैलेंज !

दिखावे की कार्रवाई

शहर में देर रात चलते हैं डांस बार



■ मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे पुलिस व प्रशासन

■ CM कहते हैं विपक्ष के समय शुरू था 'लाडक्या डांस बार'

**उल्हासनगर.** जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस बात की आलोचना कर रहे हैं कि विपक्ष के समय में 'लाडक्या डांस बार' धड़ल्ले से शुरू था, लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां पुलिस व प्रशासन उड़ाते हुए दिखाई दे रहा है विठ्ठलवाड़ी, मध्यवर्ती व कोलसेवाडी पुलिस क्षेत्र में आज भी डांस बार धड़ल्ले से चल रहे हैं. लेकिन, स्थानीय पुलिस इस बात को नजरअंदाज कर रही है और डांस बार मालकों व चालकों को आश्रय दिए हुए हैं? ऐसा सवाल पूछा जा रहा है. कुछ दिन पहले विपक्ष द्वारा लाड्क्या शेतकरी योजना की आलोचना करने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जवाब दिया था कि आपके समय में लाड्क्या डांस बार शुरू था। हालांकि, यह बात सामने आई है कि आज भी उल्हासनगर शहर में एक या दो नहीं, बल्कि 6 से 7 डांस बार बिना किसी समस्या के चल रहे हैं। पहले यह संख्या 10 से 12 के आसपास थी. लेकिन विधानमंडल सत्र के दौरान अनाधिकृत होटलों के खिलाफ कार्रवाई करने के मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार, उल्हासनगर महानगरपालिका ने चांदनी, राखी, एप्पल और वर्षा जैसे चुनिंदा डांस बार को ध्वस्त कर दिया। लेकिन पैराडाइज, एशियाना, अचल पैलेस, नाइनटी डिग्री, हंड्रेड डेज, पेनिनसुला जैसे कई डांस बार अभी भी चल रहे हैं और देखा गया है कि सुबह होने तक डांस चलता रहता है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कुछ डांस बार पुलिस स्टेशन से महज कुछ ही दूरी पर हैं। लेकिन यहां पुलिस को शोर कैसे नहीं सुनाई देता? ऐसा सवाल अब पूछा जा रहा है. तो कब बंद होगा उल्हासनगर का ये लाड्क्या डांस बार' जिसने नागरिकों का ध्यान



## टिटवाला में सौतेले बेटे ने की पिता की हत्या

■ बहन के ऊपर बुरी नजर रखने का था संदेह

**कल्याण.** बहन के ऊपर बुरी नजर रखने वाले सौतेले पिता को धारदार हथियार से मारकर हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। वारदात टिटवाला के बल्याणी इलाके की है। टिटवाला के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम के अनुसार कादिर सिद्दीकी नामक व्यक्ति ने शादीशुदा महिला से दूसरी शादी किया था, जिसके दो बच्चे थे। सौतेले बेटे कबीर को शक था कि पिता कादिर उसकी बहन पर बुरी नजर रखता है। इसी बात को लेकर आरोपी कबीर ने अपने दोस्त अल्ताफ के साथ मिलकर सौतेले पिता कादिर सिद्दीकी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में कबीर और उसके मित्र अल्ताफ शेख को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से बल्याणी क्षेत्र में सनसनी मच गई है। फिलहाल टिटवाला पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## उल्हासनगर में गणेश मंडल पर मामला दर्ज

■ गणेश मूर्ति आगमन पर जुलूस की नहीं ली थी अनुमति

■ सेवन स्टार ग्रुप ने 11 अगस्त को निकाला था भव्य जुलूस

■ मंडल ने कोर्ट के आदेश का किया उल्लंघन





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में गणेशोत्सव के आगमन से पूर्व एक गणेश मंडल पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बिना अनुमति जुलूस निकालने पर उल्हासनगर 1 गोल मैदान के पास सेवन स्टार मित्र मंडल पर मामला दर्ज किया गया है. ज्ञात हो कि 11 अगस्त 2024 को शाम 7 बजे से 10 बजे के बीच सेवन स्टार मंडल ने गोल मैदान क्षेत्र में विशाल गणेश प्रतिमा के आगमन के लिए एक भव्य जुलूस निकाला था. जुलूस में ढोल-नगाड़ों और झांझ-मंजीरों की तेज आवाज से शहर की शांति भंग हुई और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ. इसके अलावा जुलूस से यातायात में भी बाधा बन गया. पुलिस जांच में पता चला कि बोर्ड के अध्यक्ष राकेश मनसुखभाई पटेल, उपाध्यक्ष रवि लालचंद आहूजा और अन्य पदाधिकारियों ने जुलूस के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी. इसके चलते उल्हासनगर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया है.

### गणेश मंडल नियमों का पालन करें- पुलिस

पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु तम्हाने ने गणेशोत्सव के मद्देनजर नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है.

### नहीं रहे उल्हासनगर के शांतिदूत



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध शांतिदूत रमेश मुरलीधर आहुजा का कल दुःखद निधन हो गया है। उनकी शव यात्रा आज 14 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास्थान शाम सुंदर सोसायटी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3 से निकाली जाएगी। श्री रमेश आहुजा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री आहुजा के निधन पर शहरवासियों ने गहरा दुःख प्रकट किया है। दै. उल्हास विकास परिवार उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

## विधायक ने बॉडीगार्ड के खिलाफ पुलिस आयुक्त से की शिकायत!



**अंबरनाथ.** पिछले हफ्ते विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने सोशल मीडिया पर अपनी हत्या की आशंका जताई थी. इस संबंध में पोस्ट में उनके साथ आए पुलिस बल के अंगरक्षकों के व्यवहार पर सवाल उठाया गया। किणीकर ने खुद कहा है कि उन्होंने अपनी सुरक्षा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ठाणे पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है.

पिछले सप्ताह विधायक किणीकर ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मुख्याधिकारी व पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी. लेकिन उन्होंने कहा है कि इस बैठक से बाहर आते हुए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले कुछ युवाओं ने परोक्ष रूप से धमकी दी है. इस घटना के बाद ही किणीकर ने इस घटना के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया.

पिछले ढाई साल से सुरक्षा के लिए उनके साथ सात से आठ पुलिस अंगरक्षकों की एक विशेष टीम रहती है. लेकिन मुख्याधिकारी कक्ष से बाहर निकलते समय केवल एक पुलिस अंगरक्षक था. उस समय सात-आठ पुलिसकर्मी नगर पालिका के अलग-अलग हिस्सों में और बैठे हुए थे. किणीकर ने कहा कि पुलिस की ओर से लापरवाही हुई है.

उन्होंने उस दिन की नगर पालिका के बाहर लगी भीड़ के सीसीटीवी फुटेज और अन्य सभी सीसीटीवी फुटेज की मांग की है. इसके मुताबिक, संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उस युवक की जांच करें और दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें.

## 73 वर्षीय वृद्ध ने मासूम से किया बलात्कार

■ बुजुर्ग गिरफ्तार

■ 55 वर्षीय महिला के साथ आर्डनेंस में कुकर्म

■ अंबरनाथ में बलात्कार की 2 घटनाएं



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक 73 वर्षीय नराधन ने एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ उसका मुंह दबाकर बलात्कार किया है. अंबरनाथ पश्चिम में ये घटना हुई है. यहां के एक घर में लड़की अकेली थी. उसे अकेली पाकर 73 वर्षीय वृद्ध ने ये घिनौना कार्य किया है. अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी निसाल ठाणगे को गिरफ्तार कर लिया है. उस पर बलात्कार के साथ पोक्सो कानून के अंतर्गत अपराध दाखिल किया गया है. मासूम लड़की पर अत्याचार करते समय उसने लड़की का मुंह दबाकर उसे धमकी दी कि अगर उसने अपना माता-पिता को ये बात बताई तो वह उसके माता-पिता को जान से मार देगा. पीड़ित लड़की ने ऐसा बयान दिया है. नराधम आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया है. 73 वर्षीय ये नराधम बलात्कारी उस मासूम लड़की की पहचान का है.

दूसरी घटना आर्डनेंस में हुई है. एक 55 वर्षीय महिला का भी आर्डनेंस इस्टेट परिसर में बलात्कार हुआ है. घर में काम करने वाली महिला सड़क से जा रही थी. उसे एक अज्ञात युवक पास की घनी झाड़ियों में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया है. अज्ञात 25 से 30 वर्षीय आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है.

### 15 अगस्त को आरोग्य शिविर का आयोजन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 स्थित परम ईश्वरी श्री गुरुरानी नरगिस नागकन्या (योगीनी) चॅरिटेबल डायग्नोस्टिक सेण्टर और पॉलिक्लिनिक में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर, हाईट, वेट, प्लस रेट की मुफ्त में जांच होगी। सुबह 11 से 12.30 बजे तक उपस्थित डॉक्टर मुफ्त में जांच करेंगे। इस शिविर में एडवांस वायटल हेल्थ चेकअप केवल 1299 और बेसिक हेल्थ पैकेज 299 में होगा। सभी जांच परीक्षण लैब में होंगे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9649646618

उल्हासनगर में खराब सड़कों के खिलाफ प्रदर्शन

## प्रहार जनशक्ति पार्टी का मुखौटा प्रदर्शन

■ उल्हासनगर-3 हिराघाट पर किया धरना प्रदर्शन

■ उल्हासनगर-1 से 5 तक सड़कें बनी अतिधोखादायक





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में बरसात के दौरान सड़कों की बद से बदतर हो गई है। शहर में जगह-जगह फैले गड्ढों से वाहन चालक व नागरिक परेशान हैं। पिछले कई वर्षों से उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में सड़कों पर गड्ढों की समस्या बनी हुई है, लेकिन मनपा आयुक्त कागजी घोड़े दौड़ाने में लगे हुए हैं. आयुक्त की निष्क्रियता के विरोध में प्रहार जनशक्ति पार्टी ने आज उल्हासनगर कैंप 3, हीरा घाट पर आयुक्त का मुखौटा पहनकर धरना प्रदर्शन किया. इस विरोध प्रदर्शन में प्रहार जन शक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वप्निल पाटिल, शहर अध्यक्ष प्रधान पाटिल, श्याम भोईर, शरद पोल्के, रूपेश शिर्के और राष्ट्र कल्याण पार्टी के महासचिव राहुल काटकर, शैलेश तिवारी, प्रवीण केसी, गौरव पठारे और अन्य शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मनपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य के लिए आवंटित करोड़ों की राशि का दुरुपयोग किया गया है. उन्होंने शहर में सड़कों की हालत सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। यह आंदोलन उल्हासनगर के लोगों का बढ़ता गुस्सा और उनकी सुरक्षा के लिए चुनौती है. इस मौके पर आंदोलनकारियों की ओर से मांग की गयी कि मनपा आयुक्त जागें और नागरिकों की समस्या का समाधान करें.

## बारवी बांध भरने के बाद भी बदलापुर में जलसंकट

■ 50 एमएलडी पानी कब मिलेगा?

■ जल वितरण में त्रुटियों के कारण समस्या





**बदलापुर.** बदलापुर के पास बारवी बांध लबालब भर जाने के बाद ठाणे जिले को बड़ी राहत मिली है. लेकिन पिछले कई सालों से उम्मीद लगाए बैठे बदलापुरवासी सवाल उठा रहे हैं कि बारवी बांध से अतिरिक्त पानी कब मिलेगा और पानी की समस्या कब खत्म होगी.

बदलापुर शहर कई वर्षों से पानी की समस्या से जूझ रहा है. बारवी बांध की ऊंचाई बढ़ाए जाने के बाद बदलापुर शहर के लिए 50 एमएलडी पानी आरक्षित किया गया है। इसलिए इस पानी की उपलब्धता के बाद बदलापुर को भविष्य में पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। पिछले कई सालों में बारवी का पानी अक्सर नेताओं के भाषणों में सुनाई देता रहा है. हालाँकि, पानी की उपलब्धता के बावजूद, डैम से पानी उठाने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है और जल वितरण में त्रुटियों के कारण पानी की समस्या बनी रहती है. इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है।

241.59 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई जल आपूर्ति योजना के तहत दो नए जल शुद्धिकरण स्टेशन, 14 जलाशय, नई पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना में उल्हास नदी के तट पर वालीवली में एक कुएं का निर्माण किया जाएगा। पूर्व एवं पश्चिम संभाग के लिए जल शुद्धिकरण संयंत्र खरवई एवं बेलवली में स्थापित किया जायेगा। खरवई में 54 एमएलडी और बेलवली में 60 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र लगेगा। इसके अलावा, बदलापुर शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में पानी वितरित करने के लिए 14 जलाशयों और आधुनिक सबमर्सिबल पंप और जल वितरण प्रणाली का निर्माण किया जाएगा।

नगरोत्थान महाअभियान के तहत योजना को मंजूरी

बताया गया कि अमृत योजना के चरण 2 के तहत शहर में जल चैनल, जलाशय और पंपिंग सिस्टम का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए। ऐसे में पानी की कमी से जूझ रहे बदलापुरवासियों की उम्मीदें जग गईं। हालांकि, तकनीकी दिक्कतों के कारण इस काम का टेंडर रद्द कर दिया गया था. इसके बाद राज्य सरकार ने सुवर्ण जयंती नगरोत्थान महाअभियान के तहत इस योजना को लागू करने की मंजूरी दे दी.

यह योजना वर्ष 2056 तक लगभग साढ़े सात लाख की जनसंख्या वृद्धि मानकर लागू की जाएगी। हालाँकि, उक्त परियोजना के लिए आवश्यक 16 सीटों में से 08 सीटें मजीप्रा के पास उपलब्ध हैं और शेष 8 सीटें निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराने की योजना है। तदनुसार, समिति ने सिफारिश की है कि नगरोत्थान महाभियान के तहत जल आपूर्ति परियोजना के लिए कुलगांव बदलापुर नगर परिषद के प्रस्ताव को नगर परिषद के नाम और कब्जे में परियोजना के लिए आवश्यक जल आरक्षण और आवश्यक भूमि के साथ फिर से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बदलापुरवासियों को पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए इस संबंध में त्वरित एवं ठोस प्रयास की आवश्यकता है।

अंबरनाथ पूर्व की क्रिस्टल इमारत के

## अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने की नपा से मांग

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मनसे शहर उपाध्यक्ष प्रशांत नलावडे ने शहर पूर्व की सूर्योदय सोसायटी में एक इमारत क्रिस्टल अपार्टमें में बिल्डर द्वारा कुछ अवैध निर्माण किए जाने की लिखित शिकायत अंबरनाथ नपा के मुख्याधिकारी से की है.

इस बिल्डिंग के अवैध निर्माण पर कार्रवाई करके संबंधित अधिकारियों पर एमआरटीपी के अनुसार कार्रवाई करने की मांग भी की गई है. प्रशांत ने सूर्योदय सोसायटी क्रिस्टल बिल्डिंग के मंजूर प्लान हासिल करके आरोप लगाया है कि मंजूर प्लान के अनुसार इमारत नहीं बनाई गई है. ऐसा उनका कहना है. प्लान में बिल्डिंग की ऊंचाई 24 मीटर होना चाहिए था. ग्राउंड फ्लोर की उंचाई 3.2 मीटर होना चाहिए लेकिन 4 मीटर ऊंचाई है और प्लिंथ से पांच फुट ज्यादा है. उन्होंने बिल्डिंग का नापजोख किया है तो उन्हें पता चला कि बिल्डिंग की ऊंचाई मंजूर प्लान से 5 फुट ज्यादा है. ओसी देते समय इन बातों की जांच नहीं की गई है. ऐसा प्रशांत ने निवेदन में दर्ज किया है. जो बांधकाम प्लान से ज्यादा है, वह अवैध है. ये अवैध निर्माण तोड़ने की मांग उन्होंने की है. संबंधित बिल्डर एवं नगर परिषद के अधिकारी पर नियमों के अनुसार अपराध दाखिल करने की मांग उन्होंने की है. जिलाधिकारी ठाणे को भी ये निवेदन भेजा गया है.

उल्हास विकास



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास

संपादकीय

## ओलंपिक में आगे की सुध

पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन के साथ ही अब सभी देश और उनके खिलाड़ी अगली बार की तैयारी में लग जाएंगे। भारत की टीम भी ओलंपिक 2024 में एक रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर अपनी टीम के साथ वापस आ गई है। इस आयोजन में भाग लेने और पदक हासिल कर पाने वाले देशों की संख्या के लिहाज से देखें तो भारत का प्रदर्शन कुछ बेहतर जरूर रहा, लेकिन कुल मिला कर यही कहा जा सकता है कि हमें ओलंपिक में अपनी मजबूत जगह बनाने के लिए अभी काफी तैयारी की जरूरत है। गौरतलब है कि ओलंपिक 2024 में शामिल एक सौ चौदह देशों को कोई पदक नहीं मिल सका। पदक तालिका में भारत को इकहत्तरवां स्थान मिला। जबकि तोक्यो ओलंपिक, 2020 में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे और पदक तालिका में अड़तालीसवें स्थान पर रहा था। इसलिए उम्मीद थी कि इस बार पदक तालिका में भारत को पहले से बेहतर जगह मिलेगी। हाकी और तीरंदाजी में भारत के खिलाड़ियों ने अच्छी दखल दी और पदक जीते, मगर कुछ खेलों में अप्रत्याशित नतीजों और उतार-चढ़ावों की वजह से वह उम्मीद धुंधली रही। यों खेलों में जीत-हार होती रहती है। फिर भी भारत की आबादी और ओलंपिक की चुनौतियों के मद्देनजर की गई तैयारियों को लेकर यह सवाल जरूर उभरता है कि आखिर क्या वजह है कि जहां छोटे-छोटे देश भी खेलों की दुनिया में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं, वहीं हमारे देश को संतोषजनक जगह भी नहीं मिल पाती। साफ है कि अभी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। प्रतिभाओं की खोज से लेकर उन्हें उचित और विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मुहैया कराने की पहलकदमी सरकार को ही करनी होगी। पर्याप्त धन खर्च करने के अलावा संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल को लेकर 'कोई समझौता नहीं' की नीति पर चलना होगा। साथ ही, कुछ मामलों में जो अप्रिय स्थितियां उभरीं, जीता हुआ पदक हाथ से निकल गया, उससे बचने के लिए हर हाल में एक पुख्ता तंत्र बनाना होगा। अगर ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति हो और प्रतिभाओं के चयन तथा प्रशिक्षण को लेकर पूरी तरह ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था हो, तो ओलंपिक की पदक तालिका में हम भी सम्मानजनक स्थान हासिल कर सकते हैं।

# क्या पहली बार एक महिला को राष्ट्रपति बनाएगा अमेरिका

यह बात हैरान करती है कि दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र, अग्रणी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के गढ़, जिसने दुनिया भर में अरबों लोगों को लाभ पहुंचाया है, उस अमेरिका में कभी कोई महिला राष्ट्रपति क्यों नहीं बनी? महिलाओं को नेतृत्व सौंपने में दक्षिण एशिया दुनिया में सबसे आगे रहा है। श्रीलंका में सिरिमावो भंडारनायके (1960) विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। कुछ ही दशक बाद इंदिरा गांधी, बेनजीर भुट्टो (पाकिस्तान), खालिदा जिया और शेख हसीना वाजेद (बांग्लादेश) जैसी नेताओं को सत्ता संभालने का मौका एकाधिक बार मिला। भंडारनायके की बेटी भी राष्ट्रपति बनीं। यहां तक कि अमेरिका के कई करीबी सहयोगी देशों, जैसे ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर, टेरेसा मे और लिज ट्रस, जर्मनी में एंजेला मर्केल, इटली में जॉर्जिया मेलोनी के हाथों में सरकार की बागडोर रही है।

वैसे, अमेरिका में अभी 13 महिलाएं गवर्नर के रूप में कार्यरत हैं। नवंबर 2020 में कमला हैरिस ने पहली अमेरिकी उप-राष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया था। क्या वह अमेरिका के इतिहास में एक और मील का पत्थर गाड़ने के लिए तैयार हैं? क्या वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले यह सवाल है कि क्या अमेरिका एक महिला राष्ट्रपति के लिए तैयार है? क्या कमला हैरिस वह सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकती हैं, जो हिलेरी क्लिंटन नहीं कर सकी थीं? साल 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति पद की पहली ताकतवर महिला उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन को




डोनाल्ड ट्रंप ने हरा दिया था।

उसके बाद ट्रंप को बाइडन ने साल 2020 के चुनाव में हराया था और बाइडन 2024 में एक बार फिर मुकाबले को तैयार थे। हालांकि, स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थीं। 27 जून को ट्रंप के मुकाबले निराशाजनक टीवी बहस, 11 जुलाई को नाटो शिखर सम्मेलन में उनकी गलती, प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं द्वारा उनके कमजोर स्वास्थ्य और जीतने की निराशाजनक संभावनाओं के चलते बाइडन पर राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने का दबाव बढ़ा। बाद में बाइडन पीछे हटने और अगली पीढ़ी को मशाल सौंपने के लिए राजी हो गए। उन्होंने तत्काल अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे कर दिया। उनकी पार्टी के लिए भी यह अच्छा निर्णय था। संकटग्रस्त व निराश डेमोक्रेटिक पार्टी तत्काल कमला हैरिस के पीछे एकजुट हो गई। यह तथ्य कि कमला ने चुनाव अभियान निधि में सिर्फ एक सप्ताह में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा लिए। साथ ही, 3,60,000 से अधिक स्वयंसेवकों ने उनके चुनाव में सेवा देने के लिए पंजीकरण करा लिया, इससे पता चलता है कि अमेरिकी जनता के बीच कमला हैरिस की एक अपील है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबले के लिए वह बिल्कुल तैयार हैं और उनके जीतने की उम्मीद है।

अब ट्रंप की टीम हैरान है कि बाइडन के खिलाफ हमले के लिए उनके मुख्य मुद्दे गायब हो गए हैं- बड़ी उम्र, लचर स्वास्थ्य व कमजोर होती याददाश्त अब मुद्दे नहीं हैं। ट्रंप से तुलना करें, तो हैरिस लगभग 19 साल छोटी हैं, शारीरिक और मानसिक रूप से ज्यादा फिट हैं। इससे घबराए ट्रंप अभद्र भाषा का सहारा लेने लगे हैं। कमला के नाम, उनके रंग, उनकी जातीयता और भारतीय मूल पर सवाल उठा रहे हैं। ट्रंप यह साबित करने में लगे हैं कि कमला बढ़ती चुनौतियों का मुकाबला करने में असमर्थ होंगी। वैसे ट्रंप की इन कोशिशों का विशेषज्ञ भी मजाक उड़ा रहे हैं। कमला हैरिस सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल, गर्भपात अधिकार और यूनियनों के पक्ष में खड़ी रही हैं, इससे वह लाखों युवा अमेरिकियों की प्रिय नेता बन गई हैं।

कमला ने खुद पर हो रहे हमलों का जवाब एक पंक्ति में दिया है कि वह देश को पीछे ले जाना चाहते हैं, जबकि हम इसे आगे ले जाना चाहते हैं। देश बेहतर का हकदार है। वाकई, जमीन खिसक रही है और ट्रंप इसे महसूस कर रहे हैं। आश्चर्य की बात नहीं कि ट्रंप उनके साथ खुली बहस करने से डर रहे हैं। अफसोस की बात है कि आज अमेरिका एक बेहद बंटा हुआ समाज है। अति-दक्षिणपंथी और श्रेष्ठतावादी लोग एक महिला को राष्ट्रपति के पद पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसे लोग क्या अंततः कमला के पक्ष में आ खड़े होंगे? क्या अमेरिका इसके लिए तैयार है? हमें इंतजार करना होगा।


दूसरों के साथ अपना क्रोध बाँटने के बजाय हमें उनके साथ अपनी आत्मा की शांति बाँटनी चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मणिपुर : 60 हजार से अधिक विस्थापित

मणिपुर की हिंसा अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गई लगती है, जहां एक ही समुदाय के लोग एक-दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी और उसमें चार लोगों की मौत इसका उदाहरण है। वहां यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट यानी यूकेएलएफ और कुकी समुदाय के ही ग्रामीणों के बीच गोलीबारी हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने यूकेएलएफ प्रमुख का घर जला डाला। प्रशासन का कहना है कि यह उगाही पर नियंत्रण करने की कोशिश में हुआ टकराव हो सकता है। सच्चाई जो हो, पर यह बहुत चिंताजनक स्थिति है।

करीब सवा साल पहले मैतेई समुदाय को भी जनजाति की श्रेणी में शामिल करने को लेकर उभरा मतभेद और आक्रोश कुकी और मैतेई के बीच खूनी संघर्ष में परिणत हो गया। राज्य सरकार की लापरवाही या रणनीतिक चुप्पी की वजह से यह समस्या लगातार सुलगती रही। आज स्थिति यह है कि न तो कुकी इलाकों में मैतेई प्रवेश कर पाते हैं और न मैतेई इलाकों में कुकी। कभी साथ रहने वाले दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने बैठे हैं। अब अगर आपस में ही संघर्ष की नई स्थितियां उभरने लगी हैं, तो स्थिति बहुत गंभीर मानी जानी चाहिए।

मणिपुर की हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, साठ हजार से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं, ग्यारह हजार से अधिक घर जला दिए गए हैं। न तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई हो पा रही है, न लोग



अपने काम-धंधे पर लौट पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के लोगों ने खुद अपने सुरक्षा दस्ते बना लिए हैं। वे बारी-बारी से पहरा देते हैं। इन स्थितियों में उग्रवादी संगठनों ने भी अपने पांव पसार लिए हैं।

जाहिर है, उग्रवादी संगठनों का खर्च उगाही से ही निकल पाता है। ऐसे में अगर ग्रामीण समुदायों से उन्हें प्रतिकार मिल रहा है, तो इसकी असल वजहें जानने का प्रयास होना चाहिए। मगर सरकार को शायद इसका अवकाश नहीं। पिछले दिनों वहां के मुख्यमंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर बयान तो दिया था, मगर वे इन हालात से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं, उसकी कोई भरोसेमंद रणनीति उनके पास नहीं है। सरकार को यह समझने की जरूरत है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में सरकार और सुरक्षाबलों की लापरवाही या कमजोरी का नतीजा चरमपंथ के रूप में प्रकट होता है।

ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें संजीदा होतीं, तो मणिपुर की हिंसा अब तक रुक न गई होती। मगर शुरू से ही इसे लेकर शिथिलता बरती गई, बल्कि कई ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं जब सत्तापक्ष की तरफ से उपद्रवियों को उकसावा मिला। शस्त्रागार से हथियार लूट लिए गए, पुलिस के घेरे में स्त्रियों का बलात्कार हुआ, राजनेताओं तक के घरों को निशाना बनाया गया। गोलीबारी की ताजा घटना के बीच एक पूर्व विधायक के घर के पास रखा बम फटने से उनकी पत्नी की मौत हो गई। आखिर सरकार राज्य में इस तरह दहशत का माहौल बनाए रख कर क्या हासिल करना चाहती है। अगर इससे उसके कुछ राजनीतिक हित सध भी जाएं, तो लोगों के बीच सद्भाव की गहरी खाई को पाटने में वर्षों लगेंगे। लोगों के जख्म भरने और उनका दर्द दूर करने में सरकार शायद ही कभी कामयाब हो पाएगी!

# छोटा ड्रैगन दिखती है कांटेदार छिपकली

दुनिया में हैरान करने वाले जानवरों में सांप और छिपकली की प्रजातियां जरूर शामिल की जाती हैं. वैसे तो डायनासोर को लेकर सबसे ज्यादा कौतूहल होता है, पर वे आज मौजूद नहीं हैं. फिर भी कई तरह की छिपकलियां ऐसी हैं जो बिलकुल डायनासोर या किसी ड्रैगन की तरह दिखती हैं. यहां तक कि इसका एक नाम थॉर्नी ड्रैगन भी है.

थॉर्नी डेविल मध्य ऑस्ट्रेलिया के शुष्क झाड़ीदार भूमि और रेगिस्तान में रहता है. उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा कांटों और तराजू से ढका होता है, ऐसे में शिकारी जानवर ना तो इसे काट पाते हैं और ना ही

**जरा हट के**

निगल सकते हैं. इस संरचना को देख लगता है कि डायनासोर अपने युग से वापस आ गए हैं या किसी खौफनाक ड्रैगन का आकार छोटा हो गया है.

थॉर्नी डेविल को ध्यान से देखने पर आपको लगेगा कि उनकी गर्दन के पास एक और



सिर भी है. गर्दन के पीछे की इस संरचना को कांटेदार 'फॉल्स हेड' कहते हैं. यह संरचना काफी सॉफ्ट टिशू से बनी होती है. इससे उसे शिकारियों से अपना सिर बचाने में मदद मिलती है. यह मोटा हिस्सा इनकी रीढ़ का हिस्सा होता है.

कम लोग जानते हैं कि थॉर्नी डेविल रंग बदलने में सक्षम है. गर्म मौसम में ये छिपकलियां आमतौर पर हल्के पीले और लाल रंग की होती हैं, लेकिन ठंड के मौसम में या जब वे घबरा जाती हैं तो वे तेजी से गहरे रंग में बदल सकती हैं. सूरज उगने के साथ ही वे रोजाना इस रंग में बदलाव करती हैं और ज्यादा सक्रिय हो जाती हैं. ठंडी सुबह में, ये हल्के जैतून-भूरे रंग की होती हैं और तापमान बढ़ने पर उनका रंग हल्का हो जाता है.

थॉर्नी डेविल केवल चींटियां खाते हैं. वे एक दिन में हजारों छोटी, काली चींटियां खा सकते हैं. वे अपने शिकार का बैठकर इंतजार करते हैं. चींटियों के रास्तों के पास एक भोजन स्थल ढूंढते हैं और अपने शिकार के उनके सामने से गुज़रने का इंतज़ार करते हैं. वे चींटियों को पकड़ने के लिए अपनी चिपचिपी जीभ का इस्तेमाल करते हैं.

# पेट में बन रही है गैस? बिलकुल ना हों परेशान

अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खान-पान शरीर की कई बीमारियों की जड़ है. ये ऐसी परेशानियों को जन्म देती है, जिससे इंसान पूरी तरह शिकस्त हो जाता है. इन्हीं में एक पेट में गैस बनना भी है. बता दें कि, आज पेट में गैस बनना सिर्फ बूढ़ों की नहीं, बल्कि युवाओं के लिए भी सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है. पेट में गैस बनने से व्यक्ति को आए दिन पेट में दर्द, सीने में दर्द या सिर दर्द की शिकायत रहती है.

बताते चलें कि, पूरे दिन बैठे रहना और क्षमता से अधिक चाय पीना गैस बनने के लक्षणों में एक है. इसके लिए लोग कई तरह की दवाएं और घरेलू नुस्खे आजमाते रहते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि गैस की समस्या को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय भी आपके काम आ सकते हैं. जिनको अपनाने से इस परेशानी को जड़ से खत्म किया जा सकता है. आइए आयुर्वेदाचार्य डॉ. जितेंद्र शर्मा से जानते हैं इन घरेलू उपायों के बारे में-




### अजवाइन

यदि आपको पेट में दिक्कत या फिर गैस बनने की समस्या है तो भुनी हुई अजवाइन का सेवन करना चाहिए. इससे आपको गैस की समस्या से जल्द राहत मिलेगी. बता दें कि, अजवाइन के बीज में थाइमोल नामक एक यौगिक होता है, जो गैस्ट्रिक रस को स्रावित करता है और पाचन में मदद करता है. यदि आप चाहें तो गैस की समस्या में आधा चम्मच अजवाइन के बीज भी खा सकते हैं.

### छाछ

नियमित छाछ पीने से पेट से जुड़ीं समस्याएं खत्म होती हैं. खासतौर पर गैस की परेशानी होने पर. इसको पीने से पेट का पीएच सही रहता है और एसिडिटी दूर करता है. बता दें कि, छाछ में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो गैस्टिक एसिडिटी से आपको राहत दिला सकती है. इसके सेवन से पेट को ठंडक मिलती है और हाथ-पैरों में जलन की समस्या से भी राहत मिलती है.

### केला

पेट में जलन, गैस, एसिडिटी की परेशानी को दूर करने के लिए केला बेहद असरदार माना जाता है. बता दें कि, केले में पाए जाने वाले पेसटिन तत्व खान-पान की गड़बड़ी के कारण होने वाले कब्ज को दूर करता है. इसके लिए आप केला को चीनी के साथ मिलाकर खा सकते हैं. केले का नियमित सेवन करने से मुंह और पेट दोनों ही जगह के अल्सर से छुटकारा मिल सकता है.

### सेब की सिरका

एप्पल साइडर विनेगर के सेवन से पेट में बनने वाली गैस की समस्या को दूर किया जा सकता है. इसके लिए आपको सिर्फ 1 कप पानी में 2 बड़े चम्मच अनफिल्टर्ड सेब के सिरके का उपयोग करना है. इसका दिन में दो बार सेवन करने से आपको पेट की जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिल सकती है. हालांकि इसका इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूरी है.

### जीरा पानी

गैस्ट्रिक या गैस की समस्या के लिए जीरा पानी सबसे बेस्ट घरेलू उपचार है. बता दें कि, जीरा में आवश्यक तेल होते हैं, जो लार ग्रंथियों को उत्तेजित करने का काम करते हैं. इससे भोजन ठीक तरह से पचता है. यह पेट में अतिरिक्त गैस के निर्माण को भी रोकता है. जीरा पानी बनाने के लिए एक चम्मच जीरा लें. अब दो कप पानी में 10-15 मिनट के लिए उबालें. अब ठंडा

# गर्मागर्म पालक पूरी

खाना-खजाना

पालक पूरी बनाने के लिए ज्यादा सामग्री की जरुरत भी नहीं पड़ती है. नाश्ते में सिंपल पराठों से बोर हो चुके हैं तो भी पालक पूरी को ट्राई कर सकते हैं. आइए जानते हैं पालक पूरी बनाने की बेहद आसान रेसिपी.

### सामग्री

- आटा – 2 कप
- पालक कटी – 250 ग्राम
- अदरक पेस्ट – 1 टी स्पून
- हरी मिर्च का पेस्ट – 1 टी स्पून
- गरम मसाला – 1 टी स्पून
- अजवायन – 1/4 टी स्पून
- अमचूर पाउडर – 1 टी स्पून
- तेल
- नमक – स्वादनुसार

### बनाने की विधि

ब्रेकफास्ट में टेस्टी पालक पूरी बनाने के लिए सबसे पहले बड़े पत्तों वाली नरम पालक का चुनाव करें. इन्हें पानी में धोएं और मोटे डंठल तोड़कर पत्ते अलग कर दें.अब एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसमें पालक के पत्ते डालकर उबालें. पालक पत्ते नरम होने के बाद गैस बंद कर दें और पत्तों को पानी से निकालकर मिक्सर में ट्रांसफर करें और पीसकर पेस्ट तैयार कर लें. तैयार पेस्ट को एक



बर्तन में ट्रांसफर कर लें.

अब एक बर्तन में आटा छान लें और उसमें पालक का पेस्ट, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, अजवाइन डालकर मिक्स करें. इसके बाद आटे में गर मसाला अमचूर पाउडर, 1 चम्मच तेल डालकर मिलाएं. अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए पूरी के लिए सख्त आटा गूंथ लें. इसके बाद आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें और एक लोई लेकर उसे पूरी के आकार में बेल लें. इसी तरह 4-5 पूरियां बेलकर रख लें. एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें और तेल गर्म हो जाने के बाद बेली हुई पूरियां एक-एक करते हुए कड़ाही में डालते जाएं. पूरियां पलट-पलटकर तब तक फ्राई करें जब तक कि उनका रंग हल्का सुनहरा होकर क्रिस्पी न हो जाएं. इसके बाद पालक पूरी को एक प्लेट में उतार लें. इसी तरह सारी लोइयों से पूरियां बेलते हुए उन्हें तेल में तल लें. नाश्ते के लिए टेस्टी पालक पूरी तैयार हो चुकी हैं. इन्हें अचार,

# बार-बार बिस्तर से हट जाता है बेडशीट

## अपनाएं 3 सिंपल ट्रिक्स



सबसे पहले तो आप जब भी बेड शीट खरीदें तो उन्हें बेड से 1 या 2 साइज बड़ा खरीदें. इससे उन्हें टक करने में आसानी होगी. क्योंकि अगर आपकी बेडशीट छोटी होगी तो आप कितना भी टक कर दें ये निकलती ही रहेगी. बड़ी बेडशीट लगाने से वे लंबे समय तक बेड पर अच्छी तरह से बिछी रहेगी और ना उन पर सिलवटें आएंगी और ना ही ये बार बार बाहर निकलेंगी.

### पहला तरीका

आप सबसे पहले बेडशीट को गद्दे पर बिछाएं. अब पैर के एरिया वाली चादर को अच्छी तरह से टक कर दें. अब बेड के दाहिने तरफ आएं और कॉर्नर की चादर को इस तरह उठाएं जैसे हम किताब में कवर लगाते हैं. एक हाथ से चादर का किनारा अंदर की तरफ दबाएं और दूसरे हाथ से चादर के आगे के हिस्से को उठाकर रखें. जब किनारे का हिस्सा टक हो जाए तो बचे हिस्से को खींचते हुए प्लेट बनाकर गद्दे के नीचे खींचकर टक कर दें. इसी तरह चारों कॉर्नर आप सेट करें. होटलों में ये ही तरीका अपनाया जाता है. इस तरह ये चादर अब निकलेगा नहीं.

### दूसरा तरीका

ये तरीका बेहद आसान है और इसे कई घरों में अपनाया जाता है. अगर आपकी चादर बार बार निकल जाती है तो आप अपने चादर के चारों पर हिस्से पर एक गांठ बांध लें. अब चादर को बेड पर फैलाएं और कॉर्नर को गांठ वाले हिस्से को खींचते हुए बेड के गद्दे के नीचे दबाएं. अब अच्छी तरह से बेड शीट को स्प्रेड कर दें. ऐसा करने से चादर फिक्स हो जाएगी.

### तीसरा तरीका

आप गद्दे से थोड़ी बड़ी बेडशीट लें और इसे अच्छी तरह से बेड पर फैला लें अब सिरहाने से गद्दे के अंदर चादर को टक कर लें. अब गद्दे के कॉर्नर पर आप देखेंगे कि चादर बहुत अधिक बचा हुआ दिख रहा है. अब इसे खींचते हुए गद्दे के काफी करीब नॉट बांध दें. अब गद्दे को हल्का उठाएं और नॉट को खींचकर इसके अंदर दबा दें. इसी तरह चारों तरफ से

# डाइट में जरूर शामिल करें खीरा

खीरे में भरपूर मात्रा में कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, फैट, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, विटामिन सी, फोलेट, बीटा कैरोटीन, विटामिन बी, विटामिन के, विटामिन ए और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे तत्व पाए जाते हैं. जो कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर करने में मदद करते हैं.



### डिहाइड्रेशन होता है दूर

खीरा खाने से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है और शरीर में पानी की कमी पूरी होती है. दरअसल, खीरे में इलेक्ट्रोलाइट्स की मौजूदगी काफी होती है, जिसकी वजह से रोजाना खीरे का सेवन करने से आप डिहाइड्रेशन का शिकार होने से बच सकते हैं.

### बोन्स बनती हैं हेल्दी

हड्डियों को मजबूती देने में भी खीरा काफी मदद करता है. दरअसल, खीरे में काफी मात्रा में कैल्शिम पाया जाता है, जिसके चलते इसको डाइट में शामिल करने से बोन्स और मसल्स स्ट्रॉन्ग होती हैं. इसके साथ ही खीरे में विटामिन 'के' भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो ब्लड क्लॉटिंग होने से भी रोक सकता है.

### हार्ट रहता है हेल्दी

खीरे को डाइट का हिस्सा बनाने से बॉडी का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर रहता है. खीरे के सेवन से आपको हार्ट अटैक और हार्ट से रिलेटिड अन्य बीमारियां होने का रिस्क भी कम रहता है. ऐसा इसलिए, क्योंकि खीरे में काफी अच्छी मात्रा में पोटैशियम, सोडियम और मैग्नीशिम पाया जाता है.

### डायबिटीज में खीरा खाना है बेस्ट

शुगर पेशेंट के लिए डाइट में खीरा एड करना फायदेमंद होता है. खीरे में एंटीऑक्सीडेंट्स काफी मात्रा में मौजूद होते हैं. खीरा इंसुलिन को कंट्रोल करके शुगर लेवल को बढ़ने से रोकता है. इसके साथ ही खीरा ब्लड ग्लूकोज को बढ़ाने में भी मदद करता है, जिसके चलते डायबिटीज काफी हद तक नियंत्रण में रहती है.

### डिप्रेशन और कैंसर जैसी बीमारियां रहती हैं दूर

खीरा खाना सेहत के लिए हर लिहाज से बेहतर माना जाता है. खीरे में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व आपको डिप्रेशन से दूर रखने में तो अच्छा रोल निभाते ही हैं, साथ ही खीरा खाने से कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा भी

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** – आज आपका ध्यान आर्थिक मामलों पर रहेगा। इस समय ग्रहों की स्थिति अनुकूल रहेगी। नजदीकी मित्रों और रिश्तेदारों का भी उचित सहयोग मिल रहा है। घर में किसी अच्छे काम की योजना बन सकती है। किसी अजनबी पर भरोसा न करें और न ही उनकी बातों में आएं।

**वृषभ** – अध्यात्म और धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। आपके व्यक्तित्व में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। आपको अपनी प्रतिभा और क्षमता दूसरों को दिखाने का अवसर भी मिल सकता है। संतान की सकारात्मक गतिविधियों से शिथिलता बनी रहेगी।

**मिथुन** – किसी भी काम में दिल की बजाय मन की आवाज सुनें। आपको नई संभावनाएं मिलेंगी। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखकर काम करने से आपकी कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। किसी भी तरह की यात्रा से बचें. यह समय धैर्य रखने का है।

**कर्क** – ग्रह गोचर आपके पक्ष में है। आप अपने आत्मविश्वास और आत्मविश्वास के बल पर किसी विशेष लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इस समय आपका संपर्क मजबूत हो सकता है। यह आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अति आत्मविश्वास हानिकारक हो सकता है।

**सिंह** – आज ग्रहों की स्थिति आपको अपने बारे में सोचने और अपने लिए काम करने का संदेश दे रही है। इस समय लिया गया कोई भी समझदारी भरा निर्णय निकट भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है। धर्म–कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में भी आस्था रहेगी।

**कन्या** – अपना ध्यान मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े कार्यों पर रखें। इस समय किसी भी फोन कॉल आदि को नजरअंदाज न करें, क्योंकि आपको कोई महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। इस समय ग्रहों की स्थिति आपके आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में मदद करेगी।

**तुला** – सामाजिक सीमाएं बढ़ेंगी। आपका व्यक्तित्व भी बेहतर के लिए बदल सकता है। यदि कोई कोर्ट केस लंबित है तो फैसला आपके पक्ष में आने की संभावना है। खरीदारी का अच्छा समय बिताएं और बच्चों और परिवार के साथ मस्ती करें।

**वृश्चिक** – अपनी निजी बातों को किसी के सामने प्रकट न करें। गुपचुप तरीके से किया गया कोई भी काम आपको सफलता दिला सकता है। कोई बहुत कठिन कार्य अचानक संभव होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। अपना सामान, दस्तावेज आदि संभाल कर रखें।

**धनु** – कुछ खास लोगों से संपर्क करने से आपकी सोचने की शैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। अपने काम के प्रति अधिक जागरूक होना और एकाग्रता रखना निश्चित रूप से आपको सफलता दिला सकता है। आलोचना आपको हताश कर सकती है।

**मकर** – आज लंबे समय से चल रही किसी चिंता से मुक्ति मिल सकती है। किसी अनुभवी व्यक्ति से चर्चा कर सही समाधान निकाला जा सकता है। आपकी सकारात्मक सोच आपके लिए नई सफलता का सृजन करेगी। पैसों से जुड़े किसी मामले में विवाद हो सकता है।

**कुंभ** – आज का दिन दूसरों की मदद और सहयोग करने में खर्च हो सकता है। ऐसा करने से आपको आध्यात्मिक और मानसिक आराम मिल सकता है। आपके विनम्र स्वभाव से रिश्तेदारों और समाज में भी मान–सम्मान बढ़ेगा. किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें।

**मीन** – वाहन या किसी मूल्यवान वस्तु की खरीदारी से जुड़ी योजना बन सकती है। आज आप अपनी मेहनत से किसी कठिन कार्य को भी प्राप्त करने की क्षमता रखेंगे। संचार के माध्यम से कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### खतने के दौरान कट गई गलत नस, डेढ़ महीने के बच्चे की दर्दनाक मौत, मौके से फरार हुआ नाई

**बरेली.** बरेली में खतना करने के दौरान डेढ़ महीने के बच्चे की गलत नस कट गई। जिससे लगातार ब्लीडिंग से बच्चे की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस ने खतना करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। ये घटना फतेहगंज पूर्वी के शिवपुरी रधौली का है। रविवार को वाजिद के डेढ़ महीने के बेटे मोहम्मद शिफान खतना (मुसलमानी) का प्रोग्राम रखा था। तमाम मेहमान इस दौरान घर पहुंचे। वाजिद ने बेटे की मुसलमानी कराने को टिसुआ से कबीर नाम के व्यक्ति को बुलाया था। सुबह 10 बजे मुसलमानी की तैयारी की जा रही थी। कबीर ने जैसे ही बच्चे का खतना किया। उसकी गलत नस कटने से खून बहने लगा। बच्चे का ज्यादा खून बहने से उसने शाम सात बजे दम तोड़ दिया।

### यूपी में दलित किसान की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने छह लोगों को किया गिरफ्तार

**रायबरेली.** रायबरेली जिले के नसीराबाद क्षेत्र में दलित किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या मामले में पुलिस ने अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी सलोन प्रदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि बीते रविवार को एक दलित युवक की गोली मारकर की गई हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सात नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था जिनमें से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि मामूली विवाद में दलित युवक ने नागपंचमी वाले दिन विपक्षी को तमाचा मार दिया था, जिसके बाद दबंगों ने अर्जुन सरोज (21) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि आज पुलिस ने छह आरोपियों को नसीराबाद इलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अर्जुन यादव, नवीन सिंह, हर्षित मिश्रा अंशु यादव, फूलचंद और अंकित कुमार है यह सभी नसीराबाद इलाके के रहने वाले है। इनके पास से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### नीलगाय से फसल बचाने को खेत के तारबाड़ में दौड़ाया था करंट, तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**कुशीनगर.** कुशीनगर में खेत की फसल को नीलगाय से बचाने के लिए एक किसान ने तारबाड़ लगाई और उसमें करंट दौड़ा दिया। किसान का ऐसा करना मामा-भांजे समेत तीन युवकों के लिए जानलेवा हो गया। तारबाड़ के करंट की चपेट में आकर तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पता चला है कि तीनों रात करीब दस बजे से ही घर से गायब थे। परिवारीजनों ने मंगलवार की सुबह रामकोला पुलिस को तहरीर देकर गायब युवकों को खोजने की गुहार लगायी। पुलिस ने गायब युवकों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया तब उनकी गांव के पास ही खेत में लोकेशन मिली। पुलिस पहुंचने के बाद ग्रामीणों की तीन लाशों पर नजर पड़ी तो गांव में कोहराम मच गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। हादसे के चलते गांववालों में गुस्सा फैल गया। किसी तरह समझाबुझाकर उन्हें शांत करने के साथ पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अगले 5 साल भयावह, युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया

- **जयशंकर ने कर दी भविष्यवाणी**

**नई दिल्ली.** इजरायल-ईरान के बीच तनाव, रूस और यूक्रेन में चल रहे भीषण युद्ध से दुनिया के कई देश विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया में लगातार सामने आ रही भयानक तस्वीर को लेकर चिंता जताई। उन्होंने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच ढाई साल से युद्ध चल रहा है। इस बीच मध्य पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया में सैन्य तनाव, आर्थिक चुनौतियां और जलवायु परिवर्तन की घटनाएं बेहद खतरनाक हैं।



उन्होंने कहा कि आने वाले पांच या दस साल बेहद कठिन होने वाले हैं। जयशंकर ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव पर कहा कि नवंबर में होने वाले चुनाव में जो भी जीतेगा, भारत की नरेंद्र मोदी सरकार उनके साथ काम करने को तैयार है।

**अमेरिकी चुनाव पर क्या बोले जयशंकर**

- जयशंकर ने अमेरिकी चुनाव पर चर्चा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हम अन्य देशों के चुनावों पर टिप्पणी नहीं करते। अमेरिकी अपना निर्णय लेंगे और हमें पूरा विश्वास है कि पिछले 20 वर्षों के अनुभव के आधार पर हम नए राष्ट्रपति के साथ काम कर सकते हैं...चाहे वह कोई भी हो।
- गौरतलब है कि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधी टक्कर है। इससे पहले सत्ताधारी पार्टी डेमोक्रेट ने जो बाइडेन को चुनावी मैदान में उतारा था लेकिन, ढलती उम्र के चलते उन्होंने अपना नाम वापस लिया और कमला हैरिस के नाम पर मुहर लगी। मामले के जानकार दोनों उम्मीदवारों के बीच कड़े मुकाबले की भविष्यवाणी कर रहे हैं। हालांकि चुनाव में ट्रंप का पलड़ा ज्यादा भारी है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बन सकते हैं।

मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री से पूछा गया कि आप दुनिया में हो रही घटनाओं को लेकर भविष्य में किस तरह से देखते हैं? जवाब में जयशंकर ने कहा, ₹मैं एक आशावादी व्यक्ति हूं और आम तौर पर समस्याओं के समाधान के बारे में सोचता हूं, न कि उन समस्याओं के बारे में जो समाधान से उत्पन्न होती हैं। लेकिन मैं बहुत गंभीरता से कहूंगा कि हम बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं।₹

जयशंकर ने आगे कहा, ₹मेरे पास अगले पांच वर्षों के लिए बहुत ही गंभीर पूर्वानुमान है। आप मध्य पूर्व में, यूक्रेन में, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया में हो रहा देख रहे हैं। इसके अलावा कोविड का प्रभाव अभी भी जारी है। हम लोग जो कोरोना के उस भयावह दौर से सुरक्षित निकल आए हैं, अब इसे हल्के में ले रहे हैं।₹

जयशंकर ने कहा, आप दुनिया में जिस तरह की आर्थिक चुनौतियां देख रहे हैं। उससे कहीं अधिक देश संघर्ष कर रहे हैं। व्यापार कठिन हो रहा है, विदेशी मुद्रा की कमी है।₹ उन्होंने गाजा में हो रहे संघर्ष और ईरान समर्थित हूती मिलिशिया द्वारा लाल सागर में कमर्शियल जहाजों में लगातार लूट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। जयशंकर ने कहा, ₹लाल सागर में जो कुछ हो रहा है और जलवायु संबंधी घटनाएं... अब केवल न्यूज नहीं रह गई हैं... उनके वैश्विक स्तर पर विध्वंसकारी परिणाम सामने आ रहे हैं।₹

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने रेप-मर्डर केस CBI का सौंपा

### कहा- 5 दिन हो गए, बंगाल पुलिस ने कुछ नहीं किया; सबूत मिटाए जा सकते हैं

**कोलकाता.** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार (13 अगस्त) को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच CBI को सौंप दी है। राज्य सरकार कल सुबह 10 बजे तक CBI को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। चीफ जस्टिस टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया और कहा कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के पांच दिनों के बाद भी कोई महत्वपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकला है। इस बात की



पूरी संभावना है कि सबूत नष्ट कर दिए जाएंगे। हमें यही सही लगता है कि मामले को तुरंत CBI को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

**कोर्ट ने कहा- प्रिंसिपल ने इस्तीफा क्यों दिया, यह समझना मुश्किल**

हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे।

प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया। यह समझना मुश्किल है कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया और दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बनाने की क्या जल्दी थी।

**प्रिंसिपल को छुट्टी पर भेजो या हम ऑर्डर पास करें**

हाईकोर्ट ने डॉ संदीप कुमार घोष को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया है।कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि उनको लंबी छुट्टी पर भेजिए। ऐसा नहीं हुआ तो हमें ऑर्डर पास करना पड़ेगा। उन्हें घर पर रहना चाहिए, कहीं काम करने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष से अब तक पूछताछ क्यों नहीं की है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच में कुछ मिसिंग है। जब डॉ. संदीप घोष ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया था, तो उन्हें इस्तीफे के तुरंत बाद दूसरे मेडिकल कॉलेज में कैसे नियुक्त किया जा सकता है? उनसे सबसे पहले पूछताछ होनी चाहिए थी, जबकि ऐसा नहीं हुआ।

# हड़ताल पर जाने वाले हैं 18 लाख कर्मचारी

- **सरकारी ऑफिस में काम हो तो जल्द निपटा लें, जानें कारण**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में 18 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इसे लेकर फेडरेशन की ओर से मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस भेजा गया है। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार के 18 लाख 70 हजार अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होंगे। राजपत्रित अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष विनोद देसाई ने कहा कि जब तक सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संशोधित पेंशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

माना जा रहा है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर हड़ताल हुई तो राज्य के आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसे देखते हुए यह सलाह भी दी जाने लगी है कि सरकारी दफ्तर में कोई काम हो तो उसे जल्द से जल्द निपटा लिया जाए। बता दें कि महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारी यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें पुरानी व्यवस्था के हिसाब से पेंशन दी जाए। इसे लेकर सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने पिछले साल मार्च में भी हड़ताल की थी, जो 7 दिन तक चली। राज्य सरकार पर इसका असर पड़ा और कर्मचारी व शिक्षक यूनियनों से बातचीत शुरू की गई।

# यूट्यूबर ने मोर की करी बनाई, केस दर्ज

- **इससे पहले जंगली सुअर की करी बनाने का वीडियो शेयर किया था**

**सिरसिल्ला.** तेलंगाला के सिरसिल्ला जिले में एक यूट्यूबर ने अपने चैनल पर मोर की करी बनाने का वीडियो शेयर किया है। शनिवार को अपलोड किए गए इस वीडियो में उसने बताया कि पारंपरिक तरीके से मोर की करी कैसे बनाई जाती है। यूट्यूबर की पहचान कोदम प्रणयकुमार के नाम से हुई है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट्स



ने हंगामा खड़ा कर दिया है। उनका कहना है कि ऐसे वीडियो से राष्ट्रीय पक्षी को अवैध तरीके से मारने की बात कही जा रही है। पुलिस ने कोदम प्रणयकुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रणयकुमार के श्री टीवी नाम के यूट्यूब चैनल पर एक और विवादित वीडियो है, जिसमें वह जंगली सुअर की करी बना रहे हैं। हालांकि इन वीडियो को अब डिलीट कर दिया गया है, लेकिन एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट्स पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की मांग कर रहे हैं। सिरसिल्ला के एसपी अखिल महाजन ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत यूट्यूबर पर केस दर्ज कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कोई गतिविधि करने वाले दूसरे लोगों पर भी एक्शन लिया जाएगा।

### आसाराम को 7 दिन की पैरोल मिली

**जोधपुर.** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को जोधपुर हाईकोर्ट ने इलाज के लिए मंगलवार, 13 अगस्त को 7 दिन की पैरोल दे दी। आसाराम पिछले 4 दिन से जोधपुर एम्स में भर्ती है। उसे आयुर्वेदिक इलाज के लिए पुणे के माधोबाग आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। आसाराम को 11 साल बाद पैरोल मिली है। इससे पहले उसने कई बार पैरोल के लिए एप्लिकेशन लगाई, लेकिन हर बार खारिज हो गई। इससे पहले आसाराम को जोधपुर स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अनुमति दी गई थी।

# विदेशों में भी दौड़ेंगी वंदे भारत ट्रेनें

**नई दिल्ली.** वंदे भारत ट्रेनों को अब एक्सपोर्ट करने की तैयारी है। राज्य के स्वामित्व वाली भारी उपकरण निर्माता बीईएमएल लिमिटेड की ओर से यह जानकारी दी गई। इसने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में रक्षा के साथ ही रेल और मेट्रो से राजस्व मजबूत हो सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि उसे कुछ वर्षों में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों के लिए निर्यात ऑर्डर मिलने लगेगा। शांतनु रॉय BEML के चेयरमैन हैं। इकोनॉमिक टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'सबसे पहले हमारा टारगेट देश में स्वदेशी वंदे भारत ट्रेनों को पटरी पर



दौड़ाना है। मगर, इसके अगले साल हम इसके निर्यात की दिशा में काम करेंगे।'

बीईएमएल फिलहाल भारतीय रेलवे के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप बनाने में लगा हुआ है। ऐसी उम्मीद है कि आने वाले कुछ महीनों में यह कार्य पूरा हो जाएगा। कंपनी की ओर से कहा गया कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, मिडिल ईस्ट, साउथ अमेरिका और एशियाई देशों को वंदे भारत और मेट्रो के निर्यात की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। रॉय ने कहा कि मौजूदा एक्सपोर्ट रेट 4 प्रतिशत है जिसे 10 फीसदी तक लेकर जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

**यात्रियों को मिली QR कोड की सुविधा**

दूसरी ओर, पश्चिम रेलवे की ओर से एक अहम जानकारी साझा की गई है। इसमें बताया गया कि गुजरात के राजकोट और भावनगर मंडल के सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं। यात्री क्यूआर कोड के माध्यम से टिकट किराए का भुगतान कर सकते हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि इस नई पहल के तहत राजकोट मंडल के राजकोट, जामनगर, सुरेंद्र नगर, द्वारका सहित सभी छोटे-बड़े स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड उपलब्ध हैं। इनके माध्यम से रेल टिकट का भुगतान स्वीकार करने की सुविधा दी गई है। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे डिजिटल तरीके से टिकट किराया का भुगतान करने के लिए क्यूआर कोड का उपयोग करें।

### जम्मू-कश्मीर में 20 अगस्त तक चुनाव का ऐलान संभव

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 20 अगस्त तक हो सकता है। माना जा रहा है कि अक्टूबर से लेकर नवंबर के पहले हफ्ते के बीच 6 फेज में वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग 14 अगस्त को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ बैठक करेगा। 9 अगस्त को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी टीम के साथ जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था।

उन्होंने कहा था कि आयोग यहां जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी बाहरी और आंतरिक ताकत चुनावी प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। जम्मू-कश्मीर के लोग देश को तोड़ने वालीं ताकतों को करारा जवाब देंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना केस बंद किया

- **रामदेव-बालकृष्ण की माफी मंजूर की**
- **कहा- आदेश नहीं माना तो सख्त सजा देंगे**

**नई दिल्ली.** पतंजलि आयुर्वेद और योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है।

कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कुछ भी करते हैं, जैसा कि पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने मंगलवार (13 अगस्त) को फैसला सुनाया। 14 मई को



सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी की बदनामी का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने पूछा था- क्यों न अवमानना का केस चलाया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर 2023 को कहा था- पतंजलि आयुर्वेद ने आश्वासन दिया था कि अब से किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा, विशेष रूप से उसके प्रोडक्ट्स के विज्ञापन या ब्रांडिंग के दौरान। साथ ही दवाओं के असर का दावा करने या किसी भी चिकित्सा पद्धति के खिलाफ कोई बयान मीडिया को जारी नहीं किया जाएगा।

लेकिन, इसके बावजूद स्वामी रामदेव ने नवंबर 2023 में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कोर्ट की पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ कड़ी टिप्पणी पर बात की थी। पतंजलि के आश्वासन के बाद मीडिया में बयान देने से सुप्रीम कोर्ट नाराज हो गया था। बाद में शोकॉज नोटिस देकर पूछा था कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। कोर्ट ने पतंजलि से न्यूज पेपर में माफी भी छपवाई।

### खड़गे ने प्रदेश प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और पार्टी के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल इस बैठक में शामिल हुए।

महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के अलावा जम्मू-कश्मीर में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग, टिकट बंटवारा समेत कैंपेन को लेकर चर्चा की गई।

खड़गे ने बैठक के बाद बताया कि पार्टी बेरोजगारी, अग्निवीर, अनियंत्रित मुद्रास्फीति, किसान और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर देशभर में कैंपेन शुरू करेगी।

खड़गे ने कहा कि सेबी और अडानी के बीच 'सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे' की जांच की जरूरत है।

# 'हमें मौका दें, शिकायत नहीं मिलेगी'

- **ढाकेश्वरी मंदिर में हिंदुओं से मिले मोहम्मद यूनुस**

**ढाका.** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा की खबरों के बीच अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाका स्थित राष्ट्रीय हिंदू मंदिर का दौरा किया है। ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे यूनुस ने कहा है कि देश में सबके लिए समान अधिकार हैं। मंगलवार को ढाका में राष्ट्रीय मंदिर का दौरा करते हुए मोहम्मद यूनुस ने सभी से सहयोग मांगा है। उन्होंने देश के लोगों से उनकी सरकार के लिए निर्णय लेने से पहले धैर्य रखने की अपील भी की है।

हिंदुओं पर बातचीत करते हुए प्रोफेसर यूनुस ने कहा, 'यहां सभी के लिए समान अधिकार हैं। हम सब एक हैं और हमारे पास एक ही अधिकार है। अपने बीच कोई भेदभाव न करें। हमारी मदद करें।



धैर्य रखें और सोच समझ कर फैसला करें कि हम क्या कर पाए और क्या नहीं। अगर हम असफल होते हैं तो हमारी आलोचना भी करें।'

मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा, ₹हमारी लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम मुस्लिम, हिंदू या बौद्ध के रूप में नहीं, बल्कि इंसान के रूप में साथ आना चाहिए। सबके अधिकारों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संस्थागत व्यवस्थाओं के बर्बाद होने की वजह से यह सारी समस्याएं पैदा हुई है। इसको ठीक करने की जरूरत है।₹

उन्होंने यहां कई समूहों के नेताओं के साथ-साथ मंदिर प्रबंधन बोर्ड के अधिकारियों और भक्तों से मुलाकात भी की। प्रोफेसर यूनुस के साथ विधि सलाहकार आसिफ नजरूल और धार्मिक मामलों के सलाहकार एएफएम खालिद हुसैन भी मौजूद थे। वहीं पूजा उद्योग परिषद के अध्यक्ष बसुदेव धर, महासचिव संतोष शर्मा भी मौजूद थे। बैठक के बारे में बसुदेव धर ने कहा, ₹हमने डॉ. यूनुस को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। हमारी उनसे अच्छी मुलाकात हुई।₹

# नीरज चोपड़ा की नेट वर्थ 37 करोड़

**पा**किस्तान के जैवलिन थ्रोअर अरशद नदीम ने हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर सुर्खियां बटोरी हैं। इस जीत ने उन्हें न केवल बड़ी पहचान दिलाई बल्कि कई फाइनेंशियल रिवार्ड भी मिले। गोल्ड मेडल जीतने के कुछ घंटों के भीतर ही अरशद को कई पुरस्कार और सम्मान मिले। पाकिस्तान पंजाब के मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अरशद के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानी रुपये की नकद पुरस्कार की घोषणा की। इसके अलावा कराची के मेयर मुरतजा वहाब ने उन्हें 50 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का पुरस्कार दिया। साथ ही मेयर वहाब ने कराची में अरशद नदीम के नाम पर एक खेल अकादमी स्थापित करने की योजना भी शेयर की है।



**नदीम की नेटवर्थ**

अरशद नदीम की नेट वर्थ में इजाफा हो सकता है। उनकी मौजूदा नेट वर्थ एक करोड़ रुपये से कम आंकी जाती है, लेकिन उनकी हालिया उपलब्धियों से यह आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है। अब उनकी नेटवर्थ कई करोड़ बढ़ सकती है।

**नीरज की नेटवर्थ**

दूसरी ओर भारतीय जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने भी पेरिस 2024 ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 89.45 मीटर की थ्रो के साथ रजत मेडल जीता। रिपोर्ट्स के अनुसार नीरज चोपड़ा की अनुमानित नेट वर्थ लगभग 37 करोड़ रुपये (लगभग $4.5 मिलियन) है। उनकी कमाई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विज्ञापन और भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर के रूप में उनकी भूमिका से होती है।

**दोनों बन चुके हैं नेशनल आइकन**

नीरज चोपड़ा के नेटवर्थ में उनका घर भी है। उनके पास हरियाणा के खांदरा में एक तीन मंजिला बंगला भी है, जो पानीपत के पास स्थित है। दोनों एथलीट अपने-अपने देश में नेशनल आइकन बन चुके हैं और अपने वैश्विक मंच पर हासिल की गई उपलब्धियों से कई लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

# 12 सालों में 152.2 करोड़ हो जाएगी भारत की आबादी

- **क्या कहती है ताजा रिपोर्ट**

**नई दिल्ली.** भारत में लिंगानुपात 2011 के प्रति एक हजार पुरुषों पर 943 महिलाएं के स्तर से बढ़कर 2036 में प्रति 1000 पुरुषों पर 952 महिलाएं होने की उम्मीद है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी 'भारत में महिला एवं पुरुष 2023' रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 2036 में भारत की जनसंख्या में 2011 की जनसंख्या की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होने की संभावना है, जैसा कि लिंगानुपात में परिलक्षित होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2011 में प्रत्येक एक हजार पुरुषों पर 943 महिलाएं थी जो बढ़कर 2036 तक प्रति एक हजार पुरुषों पर 952 हो जाने का अनुमान है, जो लैंगिक समानता में सकारात्मक चलन को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2036 तक भारत की जनसंख्या 152.2 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 2011 के 48.5 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा बढ़कर 48.8 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें कहा गया कि 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों का अनुपात 2011 से 2036 तक घटने का अनुमान है, जिसका कारण संभवतः प्रजनन दर में कमी आना है।



इसके विपरीत, इस अवधि के दौरान 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की जनसंख्या के अनुपात में उल्लेखनीय वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया है। यह स्पष्ट है कि 2016 से 2020 तक 20-24 और 25-29 आयु वर्ग में आयु विशिष्ट प्रजनन दर (एएसएफआर) क्रमशः 135.4 और 166.0 से घटकर 113.6 और 139.6 रह गई है। इस अवधि के लिए 35-39 वर्ष की आयु के लिए एएसएफआर 32.7 से बढ़कर 35.6 हो गया है, जो दर्शाता है कि जीवन में व्यवस्थित होने के बाद, महिलाएं परिवार बढ़ाने के बारे में सोच रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 2020 में किशोर प्रजनन दर निरक्षर आबादी में 33.9 थी जबकि साक्षर आबादी में यह 11.0 थी। यह दर उन महिलाओं के लिए भी काफी कम है जो साक्षर हैं लेकिन बिना किसी औपचारिक शिक्षा के हैं (20.0), अशिक्षित महिलाओं की तुलना में, जो महिलाओं को शिक्षा प्रदान करने के महत्व के बार फिर उजागर होता है। आयु आधारित प्रजनन दर को एक विशिष्ट आयु वर्ग की महिलाओं में उस आयु वर्ग की प्रति हजार महिला जनसंख्या पर जन्मे एवं जीवित बच्चों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें कहा गया है कि मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के संकेतकों में से एक है और इसे 2030 तक 70 तक लाने का लक्ष्य स्पष्ट रूप से सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) ढांचे में रखा गया है।


**संक्षेप...**

## कल्याण स्टेशन से हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण.** मुंबई क्राइम ब्रांच ने कल्याण रेलवे स्टेशन से 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर मात्र 30 रुपये के ऑटो-रिक्शा किराए को लेकर अपने दोस्त की हत्या में शामिल था। क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी की पहचान सैफ जाहिद अली और पीड़ित छक्कन अली के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के रहने वाले थे। आरोपी ने कथित तौर पर मुंबई के कुर्ला इलाके में ऑटो रिक्शा के 30 रुपए किराए के भुगतान को लेकर अपने दोस्त छक्कन अली की हत्या कर दी। यह घटना तब हुई जब ऑटो-रिक्शा का किराया देने को लेकर मात्र 30 रुपये को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि विवाद बाद में हिंसक हो गया और हत्या में बदल गया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने कल्याण रेलवे स्टेशन से साहिद अली को पकड़ा और उसे कुर्ला पुलिस को सौंप दिया।

# अजित बोले-पत्नी को बहन के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती

- राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए
- दोनों ने बारामती सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था





**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती थी। उन्होंने कहा कि राजनीति को घर में नहीं आने देना चाहिए।

लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट से सुप्रिया सुले जीत हासिल की थी। उन्होंने सुनेत्रा पवार को 1.58 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। सुप्रिया को 7.32 लाख वोट मिले थे। सुनेत्रा को 5.73 लाख वोट मिले थे। हालांकि, सुनेत्रा पवार बाद में राज्यसभा के लिए चुनी गईं थीं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर अजित पवार पूरे राज्य में जन सम्मान यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने मंगलवार (13 अगस्त) को मराठी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में यह बात कही। वहीं, अजित के बयान पर सुप्रिया सुले ने कहा है कि मुझे उनके बयान के बारे में नहीं पता है।

### अजित बोले- शरद पवार सीनियर लीडर, हमारे परिवार के मुखिया

'मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं। राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। मैंने अपनी बहन के खिलाफ सुनेत्रा को मैदान में उतारकर गलती की। ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन संसदीय बोर्ड (NCP अजति पवार) ने फैसला किया था, लेकिन अब मुझे लगता है कि यह गलत फैसला था।

रक्षाबंधन पर बहनों से राखी बंधवाने जाने के सवाल पर अजित ने कहा, 'मैं इस समय दौरे पर हूं, यदि मैं और मेरी बहनें रक्षाबंधन पर एक ही जगह मौजूद रहे तो मैं उनसे मिलने जरूर जाऊंगा।'

चाचा शरद पवार सीनियर लीडर हैं और हमारे परिवार के मुखिया हैं। मैं उनकी किसी भी आलोचना का जवाब नहीं दूंगा। महायुति के सहयोगियों को भी समझना चाहिए कि वे चाचा शरद पवार पर क्या बोल रहे हैं। जब हम साथ बैठते हैं तो मैं अपनी राय व्यक्त करता हूं।

### नवंबर 2024 को सरकार का कार्यकाल खत्म होगा

महाराष्ट्र में अक्टूबर 2024 में चुनाव हो सकते हैं। राज्य में इस वक्त बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है। इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 2019 में चुनाव हुए थे। बीजेपी 106 विधायकों के साथ राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

# दिवा में कजरी महोत्सव का आयोजन

- पिया मेंहदी लियाद मोती झील से, जाईके साईकिल से ना.....
- मिर्जापुर भईल गुलजार हो ..कचोड़ी गली सून कईला बलमू
- भाजपा दिवा शहर उत्तर भारतीय मोर्चा ने किया आयोजन



**दिवा.** पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिवा में कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में दिवा वासियों ने लोकगीतों का आनंद उठाया। उक्त कार्यक्रम भाजपा दिवा शहर उत्तर भारतीय मोर्चा की तरफ से किया गया था। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा नेता ठाणे शहर संदीप लेले ने जहां गायकों का हौंसला अफजाई किया, वहीं कजरी टीम के आयोजकों को बधाई दी। रविवार को दिवा पूर्व आगासन रोड़, ग्लोबल स्कूल के बगल स्थित अवधूत हाल में आयोजित इस कजरी महोत्सव में प्रसिद्ध लोकगीत गायक सुरेश शुक्ला तथा लोकगायिका शीलू श्रीवास्तव ने

पिया मेंहदी लियाद मोती झील से, जाईके साईकिल से ना.....

मिर्जापुर भईल गुलजार हो .. कचोड़ी गली सून कईला बलमू

के गीतों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। समूचा हाल खचाखच भरा हुआ था। लोगों को गांव के सावन की मिट्टी की महक मुंबई में महसूस हो रही थी।

इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कल्याण जिला महासचिव नंदू परब, भाजपा दिवा शील मंडल अध्यक्ष सचिन भोईर , विनोद भगत, विजय भोईर, नरेश पवार, अशोक पाटिल, गणेश भगत, दिलीप भोईर आदि के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर भाजपा ठाणे जिलाध्यक्ष संजय वाघुले, रोशन भगत, समीर चव्हाण, सतीश केलसीकर, ओम शिव कांवरिया डोंबिवली के अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजसेवी पंकज सिंह, भाजपा उ.भा.मोर्चा अध्यक्ष अजय सिंह, अमरनाथ गुप्ता, अवधराज राजभर, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, नागेश मिश्रा, गयादीन यादव रमेश यादव, शमशेर यादव आदि लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

# सीपी टैंक का कचरा हटवाने का निर्देश



- मनपा आयुक्त सौरभ राव ने वागले के डंपिंग ग्राउंड का किया दौरा

**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** शहर स्थित वागले इस्टेट परिसर के सीपी टैंक में मनपा शहर के कचरे को सालों से डंप करती थी लेकिन इसके दुर्गंध और भयानक बीमारी के डर से रहिवासियों व राजनीतिक दल ने मनपा आयुक्त को निवेदन देकर इस डंपिग ग्राउंड को बंद करने के लिए मांग किया था।इस विषय पर हाल ही में भाजपा और उद्धव ठाकरे पार्टी के लोगों ने आंदोलन किया था।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए दौरा कर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कचरा हटवाने के लिए निर्देश दिया।साथ ही यह भी कहा कि परिसर में दुर्गंध नही होना चाहिए और मच्छर नही हो इसके लिए बड़े पैमाने पर दवा का फवारीकरण किया जाय।आयुक्त राव उस दौरान नागरिक व लोकप्रतिनिधी से भी बातचीत किया नागरिकों को संतुष्टि मिली।डंपिग ग्राउंड पर विधायक संजय केलकर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बस्ती के आस पास कचरे के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा खतरा है।इसलिए कचरे को डंप करने के लिए मनपा को शहर के बाहर व्यवस्था करना चाहिए।इस अवसर पर उपायुक्त मनीष जोशी, उपायुक्त शंकर पाटोले,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे आदि उपस्थित थे।

**घर-घर तिरंगा अभियान के तहत**

# मनपा की ओर से तिरंगा मैराथन का आयोजन

- सायकल व मोटरसाइकिल से होगी तिरंगा रैली

**ठाणे.** स्वतंत्रता दिवस को लेकर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है. मनपा गुरुवार 15 अगस्त को सुबह 6 बजे तिरंगा मैराथन, सायकल व मोटरसाइकिल तिरंगा रैली को आयोजित किया जायेगा। मनपा मुख्यालय के सामने से मैराथन रैली का शुरुआत होगा। 15 साल के भीतर के लड़कों व लड़कियों के लिए 5 किलोमीटर तक दौड़ रखा गया है।यह मैराथन सुबह 7 बजे से शुरू होगा।5 किलोमीटर व 10 किलोमीटर का दौड़ रखा गया है। मोटरसाइकिल रैली 6 बजे और सायकल रैली 6:30 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी क्रीड़ा उपायुक्त मीनल पालांडे ने दी। ठाणे जिला ॲथलेटीक्स संघटन, मनपा के सभी विभाग, पुलिस व यातायात पुलिस, सायकल प्रेमी, राईड फॉर कॉज ॲथलेटिक असोसिएशन, ठाणे के विविध हौशी सायकल संगठन के सहयोग से तिरंगा मैराथन व तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है।

### हर घर में फहराएं तिरंगा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पना के तहत 'हर घर तिरंगा' यानी घर-घर तिरंगा अभियान को यह तीसरा साल है।इसलिए ठाणेकर उत्साह के साथ इस अभियान से जुड़े।इस राष्ट्रध्वज को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर,दुकान,निजी जगह तिरंगा झंडा फहराने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आवाहन किया है।'


# ट्यूशन में 14 वर्षीय छात्रा के साथ शिक्षक ने कई बार की दरिंदगी; गिरफ्तार

**नालासोपारा.** मानवीयता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया। बता दें कि पालघर जिले के नालासोपारा में अपनी निजी ट्यूशन कक्षाओं में 14 वर्षीय छात्रा के साथ एक शिक्षक ने कई बार दरिंदगी की। जब पीड़िता ने पुलिस को आपबीती सुनाई तो उसके बाद पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 30 वर्षीय अमित दुबे के तौर पर हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शिक्षक अमित दुबे ने मार्च से जुलाई के बीच में कई बार पीड़िता के साथ गंदा काम किया।

### क्या है पूरा मामला?

मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के तहत पेल्हार थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने बताया कि यह अपराध इस साल मार्च और जुलाई के बीच हुआ। आरोपी ने पीड़िता को किसी बहाने से अपने घर में स्थित ट्यूशन सेंटर में बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। उसने कई बार इस अपराध को किया।''<छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (2) (एफ) तथा 65 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

# शुक्राणु दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं



**मुंबई.** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 42 वर्षीय महिला को उसकी पांच वर्षीय जुड़वां बेटियों से मिलने का अधिकार देते हुए कहा कि शुक्राणु या अंडा दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है और वह उसका जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकता। महिला ने अपनी याचिका में कहा कि सरोगेसी के जरिए जन्मी उसकी बेटियां उसके पति और छोटी बहन के साथ रह रही हैं, जो अंडा दानकर्ता है।याचिकाकर्ता के पति ने दावा किया था कि चूंकि उसकी भाभी अंडा दानकर्ता है, इसलिए उसे जुड़वा बच्चों की जैविक माता कहलाने का वैध अधिकार है और उसकी पत्नी का उन पर कोई अधिकार नहीं है।

हालांकि, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हालांकि याचिकाकर्ता की छोटी बहन अंडा दानकर्ता है, लेकिन उसे यह दावा करने का कोई वैध अधिकार नहीं है कि वह जुड़वा बच्चों की जैविक माता है। अदालत ने कहा कि छोटी बहन की भूमिका अंडा दानकर्ता की है, बल्कि स्वैच्छिक दानकर्ता की है और अधिक से अधिक वह आनुवंशिक मां होने के योग्य हो सकती है, इससे अधिक कुछ नहीं।

मामले में न्यायालय की सहायता के लिए नियुक्त एक अधिवक्ता ने उसे सूचित किया कि चूंकि अलग हुए दंपत्ति का सरोगेसी समझौता 2018 में हुआ था, जब सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 लागू नहीं हुआ था, इसलिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा 2005 में जारी दिशा-निर्देश समझौते को विनियमित करेंगे। दिशा-निर्देशों के एक नियम के अनुसार, दाता और सरोगेट मां को सभी पैतृक अधिकारों को त्यागना होगा, न्यायालय ने कहा, साथ ही कहा कि वर्तमान मामले में, जुड़वां बच्चे याचिकाकर्ता और उसके पति की बेटियां होंगी।

उच्च न्यायालय ने कहा, ्रदिशानिर्देशों के तहत, यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि शुक्राणु/अंडाणु (अंडाणु) दाता के पास बच्चे के संबंध में माता-पिता के अधिकार या कर्तव्य नहीं होंगे और मामले के इस दृष्टिकोण से, याचिकाकर्ता की छोटी बहन को हस्तक्षेप करने और जुड़वां बेटियों की जैविक मां होने का दावा करने का याचिका के अनुसार, दंपत्ति स्वाभाविक रूप से गर्भधारण नहीं कर सकते थे, और याचिकाकर्ता की बहन ने स्वेच्छा से अपने अंडे दान करने के लिए कहा। दिसंबर 2018 में, बच्चों को एक सरोगेट महिला द्वारा गर्भ धारण कराया गया और अगस्त 2019 में जुड़वां लड़कियों का जन्म हुआ।

# ठाणे धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**उल्हास विकास संवाददाता**



**ठाणे.** सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भजन सम्राट कमलेश (हरीपुरी) उपाध्याय के भक्ति गीतों पर झूमे सभी मानस प्रेमी। मानस प्रयास सेवा संस्था द्वारा डॉ काशिनाथ घाणेकर सभागृह में गोस्वामी तुलसीदास जयंती उत्सव मनाया गया।

संस्था के अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम का 13वां वर्ष है। जयंती उत्सव समारोह में गोस्वामी जी को सभी लोगों ने पुष्पांजलि व आदरांजलि समर्पित किया। संस्था के महासचिव अरुण शुक्ला और कोषाध्यक्ष सुरेश मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में काशीदास महात्यागी महाराज, (मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष) आचार्य पवन त्रिपाठी, भाजपा ठाणे जिलाध्यक्ष संजय वाघुले, मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, आर टी आई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, अमरनाथ पांडे, शिवसेना (उद्धव) संगठक अवधेश शुक्ल, पूर्व नगरसेवक अमित सरैया, उद्योगपति मनोज सिंह उपस्थित हुए थे।संस्था के उपाध्यक्ष ,अनिल मिश्र, दयाशंकर शुक्ला व राजेश पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में भजन - कीर्तन, लोकगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। साथ ही महाआरती और महाप्रसाद में साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। सहसचिव अजेय मिश्र, पंकज सिंह और सुनील मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में *तुलसी मानस पंचतत्व अवार्ड 2024 उद्योगपति सुरेंद्र शुक्ल(मानस उद्योगश्री), प्रोफेसर डॉ दिनेश पाठक(मानस विवेक श्री), प्राचार्य प्रेमचंद तिवारी, (मानस सेवा श्री ) , समाजसेवक डी एन मिश्र, ( मानस समाज श्री), ब्यूरोचीफ सुरेंद्र मिश्र (मानस साहित्य श्री), भजन सम्राट कमलेश हरीपुरी उपाध्याय को (मानस स्वर श्री) द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा हर वर्ष समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मान्यवरों को सम्मानित किया जाता है।समाज समग्र गणमान्य उपस्थितियाँ का भी सम्मान हुआ।

# पॉलिटिक्स से फिल्मी करियर में आ रही हैं दिक्कतें : कंगना

- बोलीं- फिल्म वर्क खराब हो रहा है, प्रोजेक्ट पेंडिंग हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने राजनीति में कदम रखकर ऐलान किया था कि अगर वो लोकसभा चुनाव जीतती हैं, तो फिल्म इंडस्ट्री छोड़ देंगी। एक्ट्रेस हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बनी हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस की मानें तो फिल्में करना चाहती हैं, लेकिन पॉलिटिकल करियर के चलते उन्हें फिल्मी करियर से तालमेल बैठाने में अड़चन हो रही है। हाल ही में कंगना रनोट ने वैराइटी को दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि उनकी कई फिल्मों की शूटिंग पेंडिंग है। उनके कई प्रोजेक्ट सिर्फ इस वजह से रुके हुए हैं क्योंकि वो शूटिंग के लिए समय नहीं निकाल पा रही हैं। एक्ट्रेस ने अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बात करते हुए कहा है, मेरा फिल्म वर्क खराब हो रहा है। मेरे अपकमिंग प्रोजेक्ट्स इंतजार में हैं। मैं अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू नहीं कर पा रही हूं। मैं फिलहाल सर्दियों में होने वाले संसद के सेशन का इंतजार कर रही हूं। मैं अपनी डेट्स एडजस्ट कर सकती हूं। एक्ट्रेस ने कहा है कि संसद के शेड्यूल के चलते उनकी फिल्मों की शूटिंग टालनी पड़ रही हैं। पॉलिटिक्स और फिल्मी करियर के बीच तालमेल बैठाने पर एक्ट्रेस ने कहा है, मुझे जो करना जरूरी होगा और जो भी मेरे लिए एंगेजिंग होगा, वो करने के लिए मैं अब बेहद खुली हुई हूं। आखिरकार मैं वही करूंगी जो ठीक होगा। लेकिन फिलहाल मेरी जिंदगी में बहुत कुछ हो रहा है।












संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099